प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 29.10.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री अस्पताल कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में स्वास्थ्य संबंधी लगभग 12 हजार 8 सौ 50 करोड रुपये लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया । इनमें प्रदेश की अनेक परियोजनाएं भी शामिल हैं. श्री मोदी ने प्रदेश में 961 करोड़ की लागत से निर्मित मंदसौर, नीमच और सिवनी में तीन चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण किया । साथ ही उन्होंने शिवपुरी, रतलाम, खंडवा, राजगढ और मंदसौर में पांच नर्सिंग कॉलेजों की आधारशिला रखी । उन्होंने इंदौर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल का भी उद्घाटन किया । प्रधानमंत्री ने भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स में 65 करोड़ रुपये की लागत से बने 6 मंजिला कौटिल्य भवन का लोकार्पण किया. 12 हजार वर्ग किमी में फैले कौटिल्य भवन के जरिये एम्स भोपाल में चिकित्सा शिक्षा,अनुसन्धान और क्लिनिकल सेओं का विस्तार होगा। श्री मोदी एम्स की ड्रोन सेवा सुविधा का शुभारम्भ भी किया. इस सेवा के जरिये आसपास के शहरों में चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी. इस अवसर पर मंदसौर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ जिसमें श्री मोदी ने प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 1 हजार 624 करोड़ की सहायता राशि वर्चुअल रूप से वितरित की ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सहित विभिन्न नेता मौजूद थे. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नीमच के विकास के लिए कई घोषणाएं की.

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव-नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी लखपति दीदी योजना ने ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के नए साधन दिए हैं।

धनतेरस पर्व

देश के साथ साथ प्रदेश में भी आज से पांच दिवसीय दीप पर्व की शुरुआत हो गयी है. आज धनतेरस का पर्व मनाया जा रहा है. भोपाल, ग्वालियर और इंदौर सहित सभी प्रमुख शहरों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है. जबलपुर में धनतेरस पर बाजार भी दमकने लगे हैं। बाज़ारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वोकल फ़ॉर लोकल का असर भी साफ़ नज़र आ रहा है। स्थानीय वस्तुओं की मांग के चलते छोटे और फुटपाथी दुकानदारों

के चेहरे खिल उठे हैं। **सतना** जिले में धनतेरस का पर्व परंपरागत उत्साह से मनाया जा रहा है. सोने चांदी, कपड़े, वाहन ,फल और मिठाई की दुकानों में भीड़ देखी जा रही है ।

रन फॉर यूनिटी

गृहमंत्री अमित शाह ने आज सुबह नई दिल्ली में मेजर ध्यानचन्द राष्ट्रीय स्टेडियम से **रन फॉर यूनिटी** को झण्डी दिखाकर रवाना किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में इस दौड़ का आयोजन किया जाता है।

प्रदेश यूनिटी फार रन

इधर भोपाल में, इस अवसर पर टी.टी. नगर स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भी शामिल हुए और उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इस एकता दौड़ को रवाना किया। इस दौड़ में युवाओं सहित हर वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता एवं फिटनेस के संकल्प को दर्शाती यह पहल अभूतपूर्व है। प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा सहित अन्य जन प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए ।

आगरमालवा जिला मुख्यालय पर आज स्थानीय कम्पनी गार्डन से सायं

पांच बजे रन फार यूनिटी का आयोजन होगा। **शिवपुरी** जिले में रन फार यूनिटी में स्कूली छात्र-छात्राओं और शहर के नागरिकों ने भाग लिया। **गुना** में ''रन फॉर यूनिटी'' का शुभारंभ गुना विधायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया. **निवाड़ी** में उत्कृष्ट विद्यालय से लेकर जनपद पंचायत कार्यालय तक यूनिटी रन का आयोजन हुआ.